प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 सोमवार** **दिनांक 02.03.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचार:–**

1– केंद्र सरकार ने इजराइल–अमेरिका द्वारा ईरान पर हमलों के मद्देनजर भारत में संभावित हिंसा को लेकर राज्यों को चेतावनी जारी की।

2– राज्यपाल रमेन डेका ने भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स रायपुर में रेस्पिरेटरी इंटेंसिव केयर यूनिट का किया शुभारंभ।

3– आज प्रदेश में जगह–जगह होगा होलिका दहन–होली पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनेक जिलों में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च।

**और**

4– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल तीन मार्च को सुबह ग्यारह बजे ''पोस्ट बजट वेबिनार'' को संबोधित करेंगे।

..........

**<u>केन्द्र सरकार–हिंसा चेतावनी</u>**

केंद्र सरकार ने इजराइल–अमरीका द्वारा ईरान पर हमलों के मद्देनजर भारत में संभावित हिंसा को लेकर राज्यों को चेतावनी जारी की है। सूत्रों के अनुसार केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों

को पत्र लिखकर भड़काऊ भाषण देने वाले ईरान समर्थक कट्टरपंथी उपदेशकों की पहचान करने को कहा है। पत्र में कानून–व्यवस्था बिगड़ने से बचने के लिए खुफिया जानकारी साझा करने और कार्रवाई को तेज करने की आवश्यकता पर बल दिया गया है।

**<u>राज्यपाल–रेस्पिरेटरी इंटेंसिव केयर यूनिट</u>**

राज्यपाल रमेन डेका ने आज भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स रायपुर में रेस्पिरेटरी इंटेंसिव केयर यूनिट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में एम्स एक विश्वसनीय संस्थान रहा है। एम्स रायपुर में  मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसे देखते हुए इस संस्थान को और बड़ी जगह की आवश्यकता पड़ेगी। उन्होंने राज्य शासन को नवा रायपुर में एम्स की स्थापना के लिए भूमि आबंटित करने की सलाह दी।

राज्यपाल ने प्रदेश में सुपर स्पेशलिटी कार्डियक फैसिलिटी की स्थापना पर भी बल दिया, जिससे हृदय रोगियों को अपने ही प्रदेश में बेहतर इलाज मिल सकें। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज अथवा एम्स में सुपर स्पेशलिटी कार्डियक फैसीलिटी की स्थापना की जा सकती है।

**<u>विश्व किशोर मानसिक स्वास्थ्य दिवस</u>**

आज विश्व किशोर मानसिक स्वास्थ्य दिवस है। इस अवसर पर गौरैला–पेंड्रा–मरवाही जिले में समाज कल्याण विभाग द्वारा युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान किशोरों के मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक स्वास्थ्य पर विशेष जोर दिया गया। समाज कल्याण विभाग के प्रभारी सहायक संचालक सुरेश कुमार भारती ने कहा कि किशोरावस्था जीवन का संवेदनशील और परिवर्तनशील दौर होता है। इस आयु में बच्चों की सही पहचान कर उन्हें मार्गदर्शन देना अत्यंत आवश्यक

है। कई बार गलत संगत या परिस्थितियों के कारण किशोर दुर्व्यसनों की ओर अग्रसर हो जाते हैं। ऐसे में समय रहते उन्हें सही परामर्श और सहयोग देकर मुख्यधारा में लाना समाज और प्रशासन की जिम्मेदारी है।

**प्रधानमंत्री–संस्कृत सुभाषितम**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज संस्कृत सुभाषितम् पाठ सोशल मीडिया पोस्ट में साझा किया। इस पाठ में आत्मविश्वास और दृढ़ इच्छाशक्ति के महत्व पर बल दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की युवा शक्ति के अतुलनीय संकल्प पर बल दिया।

**प्रधानमंत्री–बजट वेबिनार संबोधन**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल तीन मार्च को सुबह ग्यारह बजे केन्द्रीय सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा आयोजित ''पोस्ट बजट वेबिनार'' को संबोधित करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री श्री मोदी केन्द्रीय बजट की घोषणाओं तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम के विकास और इसे भारत के ग्रोथ इंजन के तौर पर मज़बूत बनाने के रोडमैप विषय पर अपना संबोधन देंगे।

**मुख्यमंत्री–नक्सलवाद**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि राज्य सरकार की पुनर्वास नीति, सुरक्षा बलों की कार्रवाई और विकास कार्यों के विस्तार के परिणामस्वरूप नक्सलमुक्त बस्तर का सपना तेजी से साकार हो रहा है। श्री साय ने कहा कि महासमुंद जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में सक्रिय पन्द्रह सशस्त्र माओवादियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर

समाज की मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया। हथियारों के साथ उनका आत्मसमर्पण इस बात का प्रमाण है कि भटके हुए युवाओं का विश्वास अब सुशासन, सुरक्षा और विकास की नीति पर बढ़ रहा है।

## एचपीवी टीकाकरण अभियान

देशभर में इन दिनों चौदह वर्ष आयु वर्ग की एक करोड़ पंद्रह लाख युवतियों के लिए राष्ट्रव्यापी निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते अट्ठाईस फरवरी को राजस्थान के अजमेर से इस राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अभियान के शुरू होने के साथ ही सभी राज्य और केंद्रशासित प्रदेश अपने—अपने क्षेत्रों में एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं। यह टीका देशभर के सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क उपलब्ध कराया गया है। नब्बे दिनों के भीतर पंद्रह वर्ष की आयु पूरी करने वाली युवतियां भी तीन माह के इस विशेष सघन अभियान के अंतर्गत पात्र होंगी। यह टीका पहले नब्बे दिनों तक प्रतिदिन लगाया जाएगा। इसके बाद नियमित टीकाकरण दिवसों पर ही यह टीका उपलब्ध रहेगा।

## एसटीएफ—महिला इलाज

बस्तर संभाग में तैनात एसटीएफ टीम ने नक्सल विरोधी अभियान के साथ—साथ मानवता की एक प्रेरक मिसाल पेश की है। एसटीएफ कमांडर ओम प्रकाश सेन और उनकी टीम ने सर्चिंग के दौरान एक गंभीर रूप से झुलसी हुई ग्रामीण महिला की जान बचाकर उसे नया जीवन दिया है।

छत्तीसगढ़ एसटीएफ दुर्ग के पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने बताया कि

एसटीएफ की टीम दंतेवाड़ा जिले के अंदरूनी क्षेत्रों में सर्चिंग पर निकली थी। इसी दौरान वह महिला ग्राम पुरंगेल में मिली। जवानों ने चारपाई का कावड़ बनाकर घायल महिला को हिरोली गांव तक लाये और फिर

एम्बुलेस से किरन्दुल अस्पताल पहुंचाया। घायल महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल, दंतेवाड़ा में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज जारी है।

**<u>पर्यावरण मंडल–उद्योग कार्रवाई</u>**

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल ने निरीक्षण के दौरान पर्यावरणीय मानकों, वायु और जल प्रदूषण नियंत्रण संबंधी नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर पन्द्रह उद्योगों के खिलाफ उत्पादन बंद करने और बिजली कनेक्शन काटने की कार्रवाई की है। वहीं, उल्लंघनकारी तीन उद्योगों पर नौ लाख बाईस हजार रूपए की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई है।

**<u>गांजा–आरोपी गिरफ्तार</u>**

रायगढ़ पुलिस ने पाकरगांव अटल चौक के पास एक कार से उनतीस किलो गांजा बरामद किया है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। ये आरोपी कार के दरवाजों और बैक लाइट के अंदर बनाए गए विशेष गुप्त चेंबर में गांजा छिपाकर ला रहे थे। जब्त गांजे की कीमत साढ़े सत्रह लाख रूपए बताई गई है।

**<u>ब्राउन शुगर–आरोपी गिरफ्तार</u>**

मुंगेली पुलिस ने "ऑपरेशन बाज" के तहत थाना जरहागांव क्षेत्र से ब्राउन शुगर की बिक्री करने के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से करीब चौव्वन ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई है, जिसकी कीमत लगभग ढाई लाख रूपए से अधिक बताई गई हैं। सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

**'मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप योजना'–आवेदन**

राज्य सरकार की 'मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप योजना' के तहत भारतीय प्रबंधन संस्थान–आईआईएम रायपुर ने विशेष दो वर्षीय पब्लिक पॉलिसी एंड गवर्नेंस–एमबीए के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक उम्मीदवार इस फेलोशिप और एमबीए कार्यक्रम के लिए, इकतीस मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी और आवेदन के लिए संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर लॉग–इन किया जा सकता है। इस योजना के तहत राज्य सरकार सभी चयनित अभ्यर्थियों की ट्यूशन फीस वहन करेगी। इसके अलावा नामांकित छात्रों को पाठ्यक्रम की पूरी अवधि के दौरान पचास हजार रूपए प्रतिमाह स्टायपेंड भी प्रदान किया जाएगा।

**होलिका दहन**

प्रेम, भाईचारे और रंगों का त्यौहार होली परसों चार मार्च को मनाया जाएगा। वहीं, आज प्रदेशभर के विभिन्न स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में होलिका दहन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस बार भी जागरूकता की वजह से कई जगहों पर लकड़ी के स्थान पर कण्डों की होली जलाने की तैयारी की गई है।

जगदलपुर में मावली माता मंदिर के सामने आज परंपरा अनुसार रियासत कालीन जोड़ा होलिका दहन किया जाएगा। इसके पहले आज रात्रि श्रीश्री जगन्नाथ मंदिर से भगवान श्रीकृष्णजी की दो डोली शोभायात्रा के रूप में निकाली जाएगी।

वहीं, विभिन्न जिलों में प्रशासन द्वारा होली त्यौहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव और सारंगढ़–बिलाईगढ़ सहित विभिन्न शहरों में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। जांजगीर–चाम्पा जिले में पुलिस द्वारा ड्रोन की मदद से अलग–अलग जगहों की निगरानी की जाएगी।

इस बीच, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल द्वारा होली त्यौहार को देखते हुए स्टेशनों में यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं। रेलवे द्वारा होली त्यौहार के लिए स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। वहीं, पर्व के दौरान स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ के मद्देनजर होल्डिंग एरिया और अन्य उपाए किए जा रहे हैं।

राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को रंगों और उल्लास के पर्व होली की शुभकामनाएं दी हैं।

आज रायपुर प्रेस क्लब में भी होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>